संख्या : 41/2016/425/छप्पन-2016-99/2013

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 18 मई, 2016

विषय : कानपुर नगर स्थित भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु क्रय की जाने वाली भूमि की दर एवं कुल भूमि मूल्य का प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 1039-41/ए0एफ0-110-13/2016, दिनांक 04.3.2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कानपुर नगर में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु निजी भूमि 17.018 हेक्टेयर तथा 3.409 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि राजस्व विभाग के शासनादेश दिनांक 19.3.2015 एवं 20.11.2015 में विहित व्यवस्था के अनुसार भूमि की दर और भूमि के कुल मूल्य आदि पर प्रशासकीय अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है ।

2- कानपुर नगर में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु ग्राम मवइया स्थित निजी भू-स्वामियों की लगभग 17.018 हेक्टेयर भूमि एवं ग्राम समाज की 3.409 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। आपसी समझौते के आधार पर निजी भूमि को वर्तमान सर्किल दर रूपये 2,00,00,000/- (रूपये दो करोड़ मात्र) प्रति हेक्टेयर की दो गुनी दर रूपये 4,00,00,000/- (रूपये चार करोड़ मात्र) प्रति हेक्टेयर, जिस पर भू-स्वामी भूमि विक्रय हेतु सहमत है, पर भूमि क्रय किये जाने एवं इसी प्रकार संगत शासनादेश में विहित व्यवस्था के अनुसार ग्राम समाज की 3.409 हेक्टेयर भूमि को भी दो गुनी दर अर्थात् रूपये 4,00,00,000/- (रूपये चार करोड़ मात्र) प्रति हेक्टेयर की दर पर पुर्नग्रहीत किये जाने की संस्तुति की गयी है। तदनुसार 17.018 हेक्टेयर भूमि का विक्रय मूल्य रूपये 68,07,20,000/- (रूपये अड़सठ करोड़ सात लाख बीस हजार मात्र), ग्राम समाज की 3.409 हेक्टेयर भूमि का मूल्य रूपये 13,63,60,000/- (रूपये तेरह करोड़ तिरेसठ लाख साठ हजार मात्र), प्रश्नगत भूमि पर स्थित परिसम्पत्तियों की कुल मूल्यांकित धनराशि रूपये 7,81,484/- (रूपये सात लाख इक्यासी हजार चार सौ चौरासी मात्र) तथा निबन्धन शुल्क रूपये 82,20,000/- (रूपये बयासी लाख बीस हजार मात्र) अर्थात् कुल रूपये 82,23,71,848/- (रूपये बयासी करोड़ तेईस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ अड़तालिस मात्र) आंकलित किया गया है।

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्तर-2 में अंकित विवरणानुसार कानपुर नगर में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु निजी भूमि का क्रय एवं ग्राम समाज की भूमि का पुर्नग्रहण करने हेतु भूमि की दर रूपये 4,00,00,000/- (रूपये चार करोड़ मात्र) प्रति हेक्टेयर और तदनुसार भूमि के कुल मूल्य रूपये 82,23,71,848/- (रूपये बयासी करोड़ तेईस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ अड़तालिस मात्र) पर राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान करते हैं।

4- यह भी सूच्य है कि कानपुर नगर स्थित भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु भूमि आदि की व्यवस्था के लिये रूपये 21,00,00,000/- (रूपये इक्कीस करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति पूर्व में निर्गत की जा चुकी है।

5- कृपया भूमि के क्रय हेतु वांछित अग्रेतर कार्यवाही शीघ्रतापूर्वक सम्पन्न कराने का कष्ट करें ताकि सिविल एन्क्लेव का समयवद्ध निर्माण सम्पन्न हो सके।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 41/2016/425(1)/छप्पन-2016-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
3- प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- मण्डलायुक्त, कानपुर मण्डल कानपुर नगर।
5- जिलाधिकारी, कानपुर नगर।
6- निदेशक, भूमि अध्यासि, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
7- नियोजन अनुभाग-4
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
9- समीक्षा अधिकारी (बजट)
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in